IS 15700:2005

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद

(सहकारिता अनुभाग)

104, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ–226001

सेवोत्तम प्रमाणित website : http://www.upavp.com, E-mail : upavp@sancharnet.in

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700

नोटिस

वाराणसी मण्डल की निबन्धित कतिपय सहकारी आवास समितियाँ जो काफी समय से निष्क्रिय हैं, उनके निबंधित पते पर न तो कोई पदाधिकारी मिलता है, न ही वहाँ पर कार्यालय होने का कोई प्रमाण ही मिलता है। ये समितियाँ अपने वार्षिक नक्शे, भूमि क्रय–विक्रय, आडिट रिपोर्ट एवं अन्य सूचनाएं भी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत नहीं कर रही हैं। सहकारी अधिकारी (आवास) इलाहाबाद/वाराणसी द्वारा इन समितियों का निरीक्षण किया गया, जिसमें ये समितियाँ निष्क्रय पायी गयीं हैं तथा ये समितियाँ उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम एवं नियमों में वर्णित अपने उद्देश्यों की पूर्ति नहीं कर रही हैं।

अतः मै डी0 के0 शुक्ल अपर आवास आयुक्त/अपर निबन्धक उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ शासन की अधिसूचना संख्या 771/12सी–1–89–7(8)/1976 दिनांक 10.08.89 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 26.11.2010 द्वारा प्रदत्त निबन्धक के अधिकारों का प्रयोग करते हुए उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा–72(2)(ग)(घ) के अधीन सपठित उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली 1968 के नियम 270 के अन्तर्गत आदेश देता हूँ कि सहकारी अवास समितियाँ अपना पूर्ण विवरण यथा निबन्धित पता, वर्तमान पता, प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों का नाम, सचिव का नाम, भूमि क्रय–विक्रय सम्बन्धी विवरण सन्तुलन पत्र अन्तिम आडिट नोट का विवरण आदि नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित अवधि में समिति अपना सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत नहीं करती है तो उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा 72(2)(ग)(घ) के अधीन सपठित उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली 1968 के नियम 270 के अन्तर्गत उनके समापन की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी तथा धारा–76 के अन्तर्गत निबन्धन निरस्त कर दिया जायेगा।

क्र0	नाम सहकारी आवास समिति	निबन्धन संख्या/दिनांक
1.	सदभावना सहकारी गृह निर्माण समिति लि0, वाराणसी	2709/12.04.1961
2.	पानीकल सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	2722/02.01.1962
3.	सनमति सहयोग सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	2755/20.02.1992
4.	श्री आदर्श सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	2903/28.01.66
5.	भारतीय स्टेट बैंक सहकारी गृह निर्माण समिति लि0, वाराणसी	2906/14.02.1966
6.	श्री विश्वनाथ सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	3029/17.10.1975
7.	श्री वाराणसी उपनिवेशन सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	194/26.07.1979
8.	दीप सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	368/01.04.1981
9.	वाराणसी ऑफ बीमा निगम कर्मचारी सह0आ0समिति लि0, वाराणसी	845/13.07.1984
10.	गौतम सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1180/18.08.1987
11.	खादुको सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1204/05.04.1988
12.	श्री गणेश सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1341/14.05.1990
13.	शिवम् सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1769/11.08.1992
14.	श्री राधा कृष्ण सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1768/10.08.1992
15.	अपर्णा सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1778/22.08.1992
16.	मण्डलीय ऋण सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1826/15.12.1992
17.	अखिल भारतीय स्टेट बैंक साकेत सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	2921/05.02.2002
18.	माँ जानकी सहकारी आवास समिति लि0, वाराणसी	1642/09.01.1992
19.	मुहम्मदाबाद सहकारी आवास समिति लि0, गाजीपुर	856/22.08.1984
20.	स्वामी सहजानन्द सहकारी आवास समिति लि0, गाजीपुर	875/13.11.1984
21.	अपना घर सहकारी आवास समिति लि0, गाजीपुर	1521/27.03.1991
22.	जौनपुर आवास एवं निर्माण सहकारी समिति लि0, जौनपुर	628/07.04.1982

डी0 के0 शुक्ल

अपर आवास आयुक्त/अपर निबन्धक